## ब्रीफ खबरें

### सानिया ने बनाई सीएम सोरेन की मोजेक पोट्रेट

**तोपचांची।** धनबाद के झरिया निवासी सानिया कलीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का मैक्रेम तकनीकी से मोजेक पोट्रेट बनाया है. वास्तव में इस तकनीक से घरेलू साज-सज्जा के समान बनाए जाते हैं. इससे पहले सनिया कलीम ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मैक्रेम तकनीकी का इस्तेमाल करके मोजेक पोट्रेट बनाई थी जो वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ. सानिया कलीम की मेहनत और लगन देखकर लोग उसकी तारीफ कर रहे हैं.

### पीएनएम कॉलेज गोमो में स्वच्छता अभियान

**गोमो।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम के तहत पंडित नेहरू मेमोरियल कॉलेज गोमो में सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया. कॉलेज परिसर सहित पड़ोस की गंदगी को साफ-सफाई की गई. प्राचार्य डॉक्टर डोमन हजम ने विद्यार्थियों से कहा कि हर हाल में अपने आस पड़ोस की साफ-सफाई पर ध्यान देना है. इसे स्वच्छता को अपने दैनिक कार्य में शामिल करना है. इसके लिए अपने पड़ोसी परिवार को भी सफाई के प्रति जागरूक करना होगा. मौके पर प्रोफेसर नर सोरेन, प्रोफेसर मृदुल चार्ली, प्रोफेसर ताहिर अंसारी आदि उपस्थित रहे.

### कोयला चोरी : सीआईएसएफ ने किया मॉक ड्रिल

**निरसा बाजार।** कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईएसएफ और ईसीएल सुरक्षा कर्मियों ने सोमवार को कापासारा कोलियरी परिसर में मॉक ड्रिल किया. सीआईएसएफ अधिकारी पीएस पात्रा ने कहा कि कोयला चोरी रोकने के लिए मॉक ड्रिल किया जा रहा है. कोयला चोरी रोकथाम के दौरान सीआईएसएफ जवानों पर ग्रामीण पत्थरबाजी करते हैं, जिससे कई बार जवान घायल भी हो गए हैं. इस दौरान एंबुलेंस भी तैयार रखा गया था.

### मृत कर्मचारियों के आश्रितों ने कराया मुंडन

**नबाद।** झमाडा के मृत कर्मचारियों के आश्रित अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग को लेकर 951 दिनों से लगातार धरना पर बैठे हैं, लेकिन मांग नहीं मानी गई है. बाध्य होकर धरनारत आश्रितों ने सोमवार को सामूहिक रूप से मुंडन कराकर विरोध जताया. इस दौरान हेमंत है तो दिक्क़त है और हेमंत हटाओ, झारखण्ड बचाओ के नारे लगाए गए. धरना पर बैठे आश्रित मो. अजुरुद्दीन आलम ने कहा कि अनुकंपा के आधार पर बहाली के प्रति सरकार कोई तत्परता नहीं दिखाई तो हमलोग बाध्य होकर 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झमाडा के प्रबंध निदेशक का श्राद्ध कर्म करेंगे.

### मध्य विद्यालय पोटारी में नाली बनाने की मांग

**निरसा।** मध्य विद्यालय पोटारी में नाली बनाने और पेवर ब्लॉक लगाने के लिए दिए गए आवेदन को उप प्रमुख विनोद कुमार दास ने गंभीरता से लिया है. उप प्रमुख ने स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया है कि इसे योजना में डाला जाएगा. छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए नाली से पानी निकासी और पेवर ब्लॉक लगाया जाना जरूरी है. उन्होंने अपनी ओर से इस स्कूल को एक वॉल फैन भी दिया. मौके पर विद्यालय प्रधान विष्णु लाल किस्कू, शिक्षक अरूण कुमार सिंह, माधवी कुमारी, बिंदु कुमारी, पंकज कुमार सिंह, राजेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

---

वितरण निगम ने बिजली दर में 30.89% की वृद्धि का दिया था प्रस्ताव, नियामक आयोग का तर्क- दर बढ़ाने लायक कोई कारण ही नहीं दिखा

# राज्य के 53 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, नहीं बढ़ी बिजली दर

**खास बातें**

- सात महीने पहले ही की गई थी बिजली की दर में वृद्धि
- मीटर के लिए उपभोक्ताओं को नहीं देना होगा किराया

रवि भारती। रांची



बिजली की दरों में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं होगी. साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को अब मीटर रेंट के रूप में कोई राशि नहीं देनी होगी. इससे राज्य के राज्य के 53 लाख बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है. यह फैसला विद्युत नियामक आयोग ने सोमवार को लिया. झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम के टैरिफ पीटिशन को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने खारिज कर दिया. उल्लेखनीय है कि झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को दी जानेवाली विद्युत सप्लाई की टैरिफ (प्रति केबी दर) में 30.89 फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया था. उपभोक्ताओं ने भी टैरिफ में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं करने का आग्रह आयोग से किया था. इसके बाद पांचों प्रमंडल में जनसुनवाई हुई थी.

### बिजली आपूर्ति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के तकनीकी सदस्य अतुल कुमार और विधि सदस्य महेंद्र प्रसाद ने बताया कि सात महीने पहले ही बिजली दर में वृद्धि की गई थी. बिजली वितरण निगम के प्रस्तावों के हर बिंदु पर जांच और जनसुनवाई के बाद आयोग ने पाया कि बिजली आपूर्ति में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है. ऐसे में बिजली दर बढ़ाने का कोई कारण नहीं दिखा, इसलिए आयोग ने यह फैसला लिया है.

### लाइन लॉस 13 फीसदी तक लाने का निर्देश

नियामक आयोग ने बिजली वितरण निगम को बिजली नुकसान (लाइन लॉस) 13 फीसदी तक लाने का निर्देश को दिया है. वितरण निगम ने 2022-23 के लिए 30.28 फीसदी, 2023-24 के लिए 23.99 फीसदी और 2024-25 के लिए 19.08 फीसदी तक लाइन लॉस लाने का प्रस्ताव दिया था.

### सोलर पावर के लिए 7.31 रुपये प्रति यूनिट

सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक सोलर आवर के लिए 7.86 रुपये प्रति यूनिट का प्रस्ताव दिया गया था. आयोग ने 7.31 रुपये प्रति यूनिट की स्वीकृति दी है. वहीं, नॉन सोलर आवर के लिए 11.79 रुपये प्रति यूनिट के दर के प्रस्ताव के एवज में 8.77 रुपये प्रति यूनिट की स्वीकृति दी है.

### वितरण निगम को 8390.63 करोड़ राजस्व की स्वीकृति

झारखंड बिजली वितरण निगम ने वर्ष 2024-25 के लिए 10857.93 करोड़ रुपये राजस्व का प्रस्ताव दिया था. इसके एवज में आयोग ने 8390.63 करोड़ की स्वीकृति दी है. इसी तरह वितरण निगम ने 2022-23 के लिए 9806.23 करोड़ राजस्व का प्रस्ताव सौंपा था वहीं, वर्ष 2023-24 के लिए वितरण निगम ने 10502.16 करोड़ रुपये का प्रस्ताव सौंपा था, जिसके एवज में आयोग ने 7350.83 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है.

**विभिन्न कैटेगरी में क्या है बिजली की दर**

| कैटेगरी | | प्रति यूनिट (रुपये) | | फिक्स्ड चार्ज (रुपये) |
|---|---|---|---|---|
| घरेलू (ग्रामीण) | - | 6.30 | - | 75 |
| घरेलू (शहरी) | - | 6.65 | - | 100 |
| घरेलू एचटी | - | 6.25 | - | 150 |
| कॉमर्शियल (ग्रामीण) | - | 6.10 | - | 120 |
| कॉमर्शियल (शहरी) | - | 6.65 | - | 200 |
| सिंचाई | - | 5.30 | - | 50 |
| इंडस्ट्रीयल एलटी | - | 6.05 | - | 150 |
| इंडस्ट्रीयल एचटी | - | 5.85 | - | 400 |
| स्ट्रीट लाइट | - | 7.00 | - | 250 |
| रेलवे | - | 5.60 | - | 400 |
| मेस | - | 5.60 | - | 400 |

# श्रमिक समस्याओं को लेकर कोयला भवन में जोरदार प्रदर्शन

**खास बातें**

- भामसं का अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान
- मजदूरों ने 24 सूत्री ज्ञापन सौंपा

संवाददाता। धनबाद



भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (भामसं) के आह्वान पर केन्द्र सरकार एवं कोल इण्डिया के मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में कोयला उद्योग में कार्यरत श्रमिकों एवं उद्योगों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर बीसीसीएल के कोलियरी एवं क्षेत्रों में चरणवद्ध आन्दोलन करते हुये सोमवार को आन्दोलन के तीसरे चरण में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय कोयला भवन धनबाद के समक्ष धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के बैनर तले जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया. आंदोलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुरारी तॉंती एवं संचालन महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया. धरना में विधायक राज सिन्हा भी शामिल हुए. धरना के क्रम में संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बीसीसीएल के महाप्रबंधक प्रशासन को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बीसीसीएल, अध्यक्ष कोल इंडिया, कोयला सचिव भारत सरकार, महानिदेशक डीजीएमएस एवं आयुक्त कोयला खान भविष्यनिधि के नाम 24 सूत्री ज्ञापन प्रेषित की गई.

संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने कहा कि यह आन्दोलन शुद्ध रूप से उद्योग एवं श्रमिक समस्याओं को लेकर है क्योंकि वर्तमान सरकार देश के कोयला मजदूरों के अस्तित्व को समाप्त कर देना चाह रही है, जिसे भारतीय मजदूर संघ ऐसा कभी नहीं होने देगा क्योंकि यह कोल मजदूरों के अस्तित्व का सवाल है. भामसं का मानना है कि मजदूर हित में आवश्यकता पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए भामसं पूरी तरह तैयार है ताकि कोयला के मजदूरों का भला हो सके. भामसं किसी राजनीतिक पार्टी का विंग नहीं है. यह संगठन पूरी तरह से गैर राजनीति संगठन है. चाहे सरकार किसी की भी हो, यदि सरकार मजदूर हितों में निर्णय लेती है तो भारतीय मजदूर संघ स्वागत करता है, अन्यथा विरोध. क्योंकि उपरोक्त समस्याओं को लेकर महासंघ द्वारा मौखिक चर्चा, पत्राचार, आंदोलनात्मक कार्यक्रम के माध्यम से सरकार एवं कोल इण्डिया प्रबंधन का ध्यानाकर्षण कई बार कराने के बावजूद भी प्रबंधन टालमटोल की नीति अपना रही है फलस्वरूप कोल कामगारों में प्रबंधन के प्रति काफी रोष व्याप्त है.

संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती ने कहा कि सन् 1973 के पहले बीसीसीएल के श्रमिकों की जो स्थिति थी, वही स्थिति केन्द्र सरकार एवं कोल इंडिया द्वारा लाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है. कोल इंडिया का राष्ट्रीयकरण इस लिए किया गया था कि कोयला में कार्यरत मजदूर एवं उनके परिवार सुरक्षित रह सके लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है. इसी क्रम में बीसीसीएल में कार्यरत असंगठित श्रमिकों एवं ठेका वाहन चालक को कार्य कराकर एचपीसी में वेतन भुगतान नहीं करना, 8 घंटे बदले 12 से 24 घंटे कार्य लेना, सीएमपीएफ एवं पेंशन की सामाजिक सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है, जिसका भामसं विरोध करता है. यदि केन्द्र सरकार एवं कोल इण्डिया श्रमिक विरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती है तो भारतीय मजदूर संघ सीधी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा. धरना-प्रदर्शन को अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की ओर से अयोध्या मिश्रा उपाध्यक्ष सह आइआर इंचार्ज बीसीसीएल, प्रेमशंकर मंडल कार्यसमिति सदस्य, भारतीय मजदूर संघ झारखण्ड प्रदेश की ओर से माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य.प्रदेश सह प्रभारी बीसीसीएल, सीएमपीएफ, सुशील कुमार सिह, ओम कुमार सिंह, रमेश कुमार चौबे, भासंघ धनबाद जिला अध्यक्ष सुनील उरांव, जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी, सीएमपीएफ महामंत्री सीवी प्रसाद, बीएमएस पर्यावरण मंच महामंत्री मुबारक हुसैन, भारतीय डाक कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रभात रंजन सहित धकोकसं के रामधारी उपाध्यक्ष सह कोल इंडिया सुरक्षा समिति सदस्य, सोभा पांडेय, मोहन लाल महतो, मंतोष तिवारी, भौमिक महतो, अरिंजय श्रीवास्तव, एस के मिश्रा, नवनीत कुमार सिंह, रामनाथ गोप, लोकेश सिंह, राजलाल यादव, लालमोहन दास, दिलीप कुमार चंद्रबंसी, प्रसांत नियोगी आदि ने संबोधित किया.

### बांग्ला भाषा संस्कृति परिषद् की बैठक में शामिल हुईं विधायक पूर्णिमा सिंह

**धनबाद।** झरिया के पोद्दारपाड़ा स्थित हरिबोल मंदिर परिसर में झारखंड बांग्ला भाषा-संस्कृति परिषद् की बैठक सोमवार को हुई. बैठक में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं. बैठक में पोद्दारपाड़ा के मूल निवासी धीवर समाज द्वारा विगत 165 वर्षो से हरि कीर्तन के संबंध में चर्चा हुई. विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि धीवर समाज के हरि कीर्तन संस्कृति को उचित सम्मान दिलाने की कोशिश करूंगी. यह कीर्तन राष्ट्रीय धरोहर है, जिसे गजट में शामिल किया जाना चाहिए, इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार से बातचीत की जाएगी. इस दौरान उन्होंने कीर्तनियां छोटे-छोटे बच्चे को मेडल देकर सम्मानित किया. परिषद् के अध्यक्ष अजय मुखर्जी ने कहा कि धीवर समाज का हरि कीर्तन एक मिसाल है. झारखंड सरकार यहां के कीर्तन को सरकारी सम्मान दे. परिषद् के सचिव समीर गोस्वामी ने कहा की हरि कीर्तन यहां के समाज को मुख्य धारा से जोड़ता है. झारखंड सरकार हरि कीर्तन को गजट में शामिल करें. बैठक में विधायक को इसे लेकर परिषद् की ओर से ज्ञापन भी सौंपा गया. सहायक सचिव मिताली मुखर्जी ने शॉल देकर और अध्यक्ष अजय मुखर्जी ने परिषद् का स्मृति चिह्न विधायक को भेंट किया. मौके पर सिद्धार्थ बंदोपाध्याय, शुसांतो बनर्जी, समीर गोस्वामी, राजेश धीवर, होरिया धीवर, बिशु धीवर, विकाश धीवर, कनाई धीवर, पोल्टू धीवर, नयन दत्त, तपन धीवर, भोला धीवर समेत धीवर समाज के अन्य लोग उपस्थित थे.

## कोर्ट की खबरें

### नन्हें हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद :** जमीन कारोबारी नन्हें खान की सरेआम हत्या करने के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. इस मामले में अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया. प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था. 24 नवंबर 21 के दोपहर 3:20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हें पर गोलियां की बौछार कर दी. घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे.

### नीरज हत्याकांड में अभियोजन को बहस का आदेश

**धनबाद :** चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड की सुनवाई सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई.इस दौरान आरोपी पिंटू सिंह हाजिर थे जबकि अन्य आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया था. सुनवाई के दौरान पंकज सिंह की याचिका पर बहस हुई. अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को बहस करने का आदेश दिया है. बताते चलें कि 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे. इसी क्रम में शूटरों ने उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी थी.

### मटकुरिया गोलीकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद :** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने गवाह पेश करने के लिए समय की याचना की. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. सुनवाई के दौरान आरोपी पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक व अन्य हाजिर नहीं थे. बताते चलें कि 27 अप्रैल 2011 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी. घटना में तत्कालीन एसपी आरके धान जख्मी हो गए थे. वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी. तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी.अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था.

### शराब के लिए हुई हत्या में आरोपी दोषी करार

**धनबाद :** रंगामाटी निवासी बैजनाथ प्रसाद की हत्या के मामले में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस कुमार सिन्हा की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बलियापुर निवासी सुदामा चौधरी को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए पांच अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है. बैजनाथ की हत्या 5 नवंबर 2021को चाकू मारकर व गला दबाकर की गई थी. प्राथमिकी उसके पुत्र संतोष कुमार के शिकायत पर बलियापुर थाने में दर्ज कराई गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पांच नवंबर 21 को दिन के साढे.बारह बजे बैजनाथ ने सुदामा को शराब लाने के लिए बोला इस कारण दोनों मे झगड़ा हुआ, तभी सुदामा ने उसे धक्का देकर चौकी पर गिरा दिया, गमछे से उसका गला दबा दिया फिर चाकू से उसपर हमला कर दिया और भाग गया. जिससे उसकी मौत हो गई थी.

# प्लेन पेपर पर नंबर और वाट्स पर रिजल्ट

- केंदुआ में लॉटरी का अवैध कारोबार, व्यवसायी परेशान

संवाददाता। केंदुआ

वासेपुर गैंग से जुड़े आपराधिक तत्व अब केंदुआ में एक नम्बरी लॉटरी का खेल खेलकर गरीब मेहनतकश मजदूरों को लूट रहे है.केंदुआ कलाली के निकट स्थानीय कतिपय दबंगों को मिलाकर प्रतिबंधित लॉटरी का फर्जी खेल संचालित कर रहे हैं.हर दिन सुबह से शाम तक करीब लाखों के वारे न्यारे किये जा रहे हैं.राज्य सरकार द्वारा लॉटरी को प्रतिबंधित किये जाने के बाद गिरोह खुद का प्लेन पेपर व वाट्सएप पर ही नम्बर बुक कर स्वयं लॉटरी का नम्बर घोषित कर अशिक्षित लोगों को आसानी से लूट ले रहे हैं.इन्हें समुचित संरक्षण भी प्राप्त है.पहले यह गैंग बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में गेम संचालित करता था.कुछ माह पूर्व बैंक मोड़ थाना प्रभारी वकार हुसैन का ट्रांसफर केंदुआडीह पद पर होते ही लॉटरी खेलानेवाला वासेपुर, पाण्डरपाला का गिरोह भी केंदूआ में शिफ्ट हो गया. इन्हें कई लोगों का संरक्षण प्राप्त है1इनकी दबंग व आपराधिक छवि के कारण कोई व्यवसायी या सामाजिक संगठन के लोग मुंह खोलने से हिचकते हैं.कलाली के समीप इनके जमावड़े से व्यवसायी भी परेशान हैं.कलाली मोड़ व बाजार में पुलिस गश्ती की विशेष व्यवस्था है पर इनको फर्जी लॉटरी का खेल नहीं दिखता.

### रिटायर्ड कर्मचारियों को दी गई विदाई

**केंदुआ।** कुसुंडा एरिया द्वारा राजभाषा पखवारा के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजयी बीसीसीएल कर्मी व स्कूली बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानित करते हुए विदाई दी गयी.जीएम प्रणव दास ने धनसार के फिटर श्याम कुमार पांडे,अशोक कुमार राम,स्पोर्ट मिस्त्री गणेश चौहान,शौवेल ऑपरेटर मनभूल दास, डंपर ऑपरेटर राम प्रवेश नोनिया, गोधर के ड्रेशर जगन महतो, एसडीएल ऑपरेटर मथुरा दास, गोन्दूडीह के बिरजू साव व ईस्ट बसेरिया के ट्रामिंग पर्सनल गजाधर यादव को ग्रेच्युटी का प्रपत्र, ट्रॉली, घड़ी व मिठाई देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी. जीएम ने कहा कि श्रमिकों ने नौकरी के अंतिम दिन तक कम्पनी की सेवा की है.

# पुटकी पहुंचा चलंत लोक अदालत

## दी गई विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी

**खास बातें**

- कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध :न्यायाधीश
- ऑन स्पॉट, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन का वितरण

संवाददाता। धनबाद



झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 30 सितंबर को चलंत लोक अदालत पुटकी स्थित पंचायत सचिवालय समसिकरा पहुंचा. मौके पर दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन , लेबर कार्ड का वितरण किया गया. साथ ही जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया. समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया. एलएडीसीएस के , सहायक कांउसिल नीरज गोयल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. इस न्यायाधीश रोशन ने बताया कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है. इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है .

### बीसीसीएल के राजभाषा पखवाड़ा में राजकमल ने बाजी मारी

धनबाद । बीसीसीएल द्वारा आयोजित राजभाषा पखवाड़ा में डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर में हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता में राजकमल के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रथम, तृतीय और चतुर्थ स्थान हासिल किया. इन सभी प्रतिभागियों को सोमवार को स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया. राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न स्तरों पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देना था. पखवाड़ा का आयोजन 25 सितंबर को कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया था. इस दौरान बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में विजेताओं को नगद राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था.

जमशेदपुर में बोले सांसद, चुनाव में जहां से खड़ा होंगे सरयू हराने के लिए जी-जान लगा दूंगा

# झारखंड के सबसे भ्रष्ट नेता हैं सरयू राय : ढुल्लू महतो

- राजनीतिक दलों से अपील, भ्रष्ट नेता को नहीं दें टिकट

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर



धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लू महतो को हराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने वाले विधायक सरयू राय के खिलाफ ढुल्लू महतो ने कमर कस ली है. एक कार्यक्रम में शामिल होने जमशेदपुर आए भाजपा सांसद ने सरयू राय पर जमकर प्रहार किया. यहां तक कहा कि झारखंड में सरयू राय से बड़ा भ्रष्ट राजनीतिज्ञ कोई नहीं है. अपना हित साधने के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं. वे सिर्फ दलितों, शोषितों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों को डराने-धमकाने का कार्य करते रहते हैं. ढुल्लू महतो सोमवार को जमशेदपुर परिसदन में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि धनबाद में उन्हें खुली चुनौती दी गई थी. इस कारण वे वहां से भाग गए. ऐसे भ्रष्ट नेता को विधानसभा का चुनाव टिकट नहीं मिलना चाहिए. अगर उन्हें टिकट मिलता है तो वे उन्हें हराने के लिए जी जान लगा देंगे. सरयू राय जनता के लिए नेता नहीं है, बल्कि सिर्फ अपना हित साधते हैं. उन्हें जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है. सांसद ढुल्लु महतो ने कहा कि वे सिर्फ लोगों से मुद्रादोहण करने में जुटे रहते हैं, जो नहीं देते हैं उनके पीछे लग जाते हैं. अब उनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि कोई पार्टी उन्हें टिकट देना ही नहीं चाहती है. हालांकि वे अब भी टिकट के लिए हाथ-पांव मार रहे हैं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलेगा. ऐसे नेता के लिए भाजपा में कोई जगह नहीं है. सरयू जिस सीट से चुनाव लड़ेंगे वहां उनका विरोध होगा.

### ढुल्लू की भड़ास उनके चरित्र का परिचायक : सरयू

- कानूनी सलाह के बाद कोर्ट में करूंगा मुकदमा

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर



विधायक सरयू राय ने कहा कि धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने उनके खिलाफ अपनी भड़ास में जिस तरह की आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है, यह उनके चरित्र का परिचायक है. इस मामले में वे कानूनी सलाह ले रहे हैं. जल्द ही ढुल्लू महतो को नोटिस भेजवाउंगा तथा उनके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा करूंगा. विधायक ने उक्त प्रतिक्रिया भाजपा सांसद ढुल्लू महतो का बयान आने के बाद व्यक्त की. सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो चार आपराधिक मामलों में सजायाफ्ता हैं. साथ ही करीब 45 मामलों में एफआईआर दर्ज है, जिसकी सुनवाई न्यायालय में चल रही है, जिसे उन्होंने धनबाद लोकसभा चुनाव के दौरान उठाया था. इसके अतिरिक्त ढुल्लू महतो ने बाघमारा क्षेत्र के लेडीडुमर और दारिधा गांव के दर्जनों छोटे किसानों की 200 एकड़ जमीन को हड़प लिया है और इसकी घेराबंदी कर जेल की दीवार जैसी ऊंची दीवार खड़ी कर दी है.

इतना ही नहीं, उन्होंने अपने गांव में गोतिया भाई अशोक महतो, उनकी पत्नी कुंती देवी और बेटी सुनिति को बुरी तरह प्रताड़ित किया है. उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है तथा लहलहाती फसल पर बुल्डोजर चलवा दिया है. उनके अपने लोगों ने ही उन्हें ढुल्लू महतो के अत्याचार की जानकारी दी.

# जागृत मंदिर में भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी

## नौ दिनों तक होगा भगवती का भव्य श्रृंगार

संवाददाता। धनबाद



चीरागोरा स्थित जागृत मंदिर में भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है. इस बाबत जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष बिल्लू गुप्ता ने बताया कि तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र में मंदिर को रंग बिरंगी लाईटों से सजाया जाएगा. नौ दिनों तक लगातार भंडारा का आयोजन किया गया है. आचार्य सुबोध पांडे , सत्यनारायण पांडे के नेतृत्व में दस सदस्यीय ब्राह्मणों की टीम द्वारा समस्त पूजन कार्य सम्पन्न कराया जाएगा. मुख्य यजमान अजय कुमार भट्ट होंगे. महासप्तमी से लेकर महानवमी तक संध्या में भजन कीर्तन का आयोजन होगा. आठ अक्टूबर 24 को महिला समीति द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा. नवरात्र के प्रथम दिवस से नित्य माता रानी का नए वस्त्र और आभूषण से श्रृंगार किया जाएगा.

समिति के सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि जागृत मंदिर में नवरात्र के दौरान मां जगदम्बा की विशेष पूजा होगी.चार प्रहर की आरती होगी. नवरात्र के दौरान मंदिर में बच्चों द्वारा डांडिया का भी आयोजन होगा. उन्होंने बताया कि महासप्तमी को खीर, महाअष्टमी को हलवा-चना, और महानवमी को खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा. मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने बताया कि 15 जुलाई 24 को मंदिर में पांच प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई हैं.

मंदिर परिसर में मां शीतला के मंदिर का निर्माण किया गया है. जहां रोजाना दर्जनों श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है. कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने आम लोगों से अपील की है कि जागृत मंदिर ट्रस्ट में यथा संभव सहयोग करें.

## ब्रीफ खबरें

### 25 हजार नगद समेत जेवरात की चोरी

**तिसरी।** तिसरी थाना क्षेत्र के गम्हारियाटांड स्थित एक घर में रविवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया. जिसमें खिड़की के पास की दीवार तोड़कर अंदर रखे बक्से को उठा ले गए. भुक्तभोगी गम्हारियाटांड निवासी अनिल साव हैं. बताया गया कि रविवार की रात पुरा परिवार सोया हुआ था. उन्हें इस घटना की भनक तक नहीं लगी. सुबह जब वे लोग उठे तो एक कमरे की खिड़की का दीवार टूटा हुआ था और वहां रखा बक्सा गायब था. वह बक्सा घर से थोड़ी दूर स्थित कटहल के पेड़ के पास फेंका हुआ था. परिजनों का कहना है कि बक्से में 25000 रुपया नगद और सोने का जेवरात रखा हुआ था, जिसपर चोरों ने हाथ साफ कर दिया. वहीं घटना की जानकारी पर तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव पहुंचे. जिसके बाद मामले की जानकारी तिसरी पुलिस को दी गई.

### आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना की बैठक

**देवघर।** देवघर के सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना की बैठक हुई. उपाधीक्षक डॉक्टर प्रभात रंजन ने आयुष्मान मित्रों को निर्देश दिया कि वे सभी लाभुक मरीजों को इस योजना के अंतर्गत दर्ज करें और उन्हें इंश्योरेंस कंपनी से मिलने वाली राशि का लाभ सुनिश्चित करें. जिला नोडल डॉक्टर शरद कुमार ने आम लोगों से अपील की कि वे अपना राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर अस्पताल आएं. बैठक में आयुष्मान वार्ड चिन्हित करने का निर्णय लिया गया ताकि मरीजों को समुचित इलाज और सुविधा मिल सके. बैठक में मुख्य रूप से डॉअमरीश ठाकुर, डॉ राजीव कुमार, डॉ अशोक अनुज, डॉ रवि कुमार उपस्थित थे.

### सेवानिवृत शिक्षक को दी विदाई

**बोकारो।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुर्गापुर के सहायक शिक्षक राकेश महतो को सेवा के अंतिम दिवस में विदाई समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजित कुमार दास ने राकेश महतो के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें योग्य और कर्मठ शिक्षक बताया. राकेश महतो राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अंचल सचिव हैं. उनके सेवानिवृत विदाई समारोह में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखंड प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन कुमार सनम, राज्य प्रतिनिधि मनोज कुमार, बिमल वर्मा, राघवेंद्र कुमार, कमलेश अग्रवाल आदि विशेष रूप से शामिल हुए. इस अवसर पर संकुल साधन सेवी के.डी.शर्मा, शिक्षक सुधीर चंद्र पांडेय, हरे कृष्ण महतो, तिलोतामा महतो, स्विति काना दास, गौर चंद्र महतो, बबीता कुमारी, ओम प्रकाश, गीता देवी, सपन कुमार महतो सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे.

### 26 लाख के एक्सपायरी बीयर को विभाग ने किया नष्ट

**गोड्डा।** उपयोग में लाए जाने हेतु उत्पादन कंपनी द्वारा निर्धारित किए गए समय सीमा को पार कर जाने के बाद गोदाम में पड़े हुए बीयर की बोतलों को नष्ट कर दिया गया. उत्पाद विभाग कार्यालय में सोमवार की सुबह उत्पाद विभाग के अधिकारियों की निगरानी में एक्सपायरी बियर को नष्ट करने का काम शुरू किया गया. विनष्ट किए गए बीयर की अनुमानित कीमत करीब 26 लख रुपए बताई जाती है.

### डांडिया महोत्सव में गरबा नृत्य

**गांडेय (गिरिडीह)।** माहुरी वैश्य मंडल महिला समिति गांडेय के द्वारा रविवार रात्रि को मां मथुरासिनी डांडिया महोत्सव का आयोजन मध्य विद्यालय गांडेय के प्रांगण में किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माहुरी वैश्य महामंडल की अध्यक्ष पूनम प्रकाश, उपाध्यक्ष मीणा गुप्ता, उमा देवी, संगठन मंत्री मनिता कूटरियर ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां मथुरासिनी के चरणों में पुष्प अर्पित कर किया. कार्यक्रम में समाज के महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. समाज के महिलाओं ने डांडिया नृत्य सहित अनेकों भक्ति जागरण युवतियों द्वारा सामूहिक डांस प्रस्तुत कर मनमोह लिया. मौके पर महिला समिति के अध्यक्ष ने कहा कि महिला समिति द्वारा डांडिया महोत्सव आयोजित कर समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया है.

# डीपीएस की छात्रा दर्शना को सिंगापुर सरकार ने दी छात्रवृत्ति

## यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन में मिला दाखिला, प्राचार्य ने दी बधाई




संवाददाता। बोकारो

डीपीएस बोकारो से इसी वर्ष सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली मेधावी छात्रा दर्शना कोपल को सिंगापुर की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन (एसयूटीडी) में दाखिला मिला है. वह वहां से कंप्यूटर साइंस एंड डिजाइनिंग में बीटेक करेगी. सिंगापुर की सरकार ने उसे 50 प्रतिशत का ट्यूशन ग्रांट भी बतौर छात्रवृत्ति प्रदान किया है. डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने दर्शना कोमल को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

उन्होंने कहा कि दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी में दर्शना का चयन विद्यालय के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है.

बोकारो के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. केएसएस राकेश व अनुभा श्रीवास्तव की होनहार पुत्री दर्शना का एसयूटीडी में चयन शैक्षिक आकलन परीक्षा (सैट) और आईईएलटीएस (इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है. सैट के तहत गणित में उसे 800 में से 800 अंक मिले, जबकि आईईएलटीएस में 7.5 का स्कोर अर्जित किया.

### बचपन से ही कंप्यूटर साइंस में रही है रुचि : दर्शना

दर्शना कोपल ने बताया कि उसे शुरू से ही कंप्यूटर साइंस में विशेष रुचि रही है. बचपन से ही उसने ठान रखा था कि उसे आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस से बीटेक करना है. इसके लिए उसने सैट व आईईएलटीएस की तैयारी की. उसे ऑस्ट्रेलिया, यूके और सिंगापुर की टॉप यूनिवर्सिटी में भी नामांकन के लिए ऑफर मिला था, लेकिन उसने एसयूटीडी, सिंगापुर को चुना. उसने बताया कि एसयूटीडी में नामांकन पाकर वह काफी उत्साहित और अच्छा महसूस कर रही है। दर्शना के माता-पिता दोनों कंप्यूटर प्रोफेशनल हैं और शैक्षणिक क्षेत्र में काम करते रहे हैं. उसका बड़ा भाई शिवांश भी डीपीएस बोकारो का छात्र रहा है और वर्तमान में बतौर आईटी प्रोफेशनल एक टॉप एमएनसी में कार्यरत है. दर्शना की दिली ख्वाहिश आगे चलकर हाई परफार्मेंस कंप्यूटिंग या प्रोडक्ट डिजाइन या फिनटेक में आईटी प्रोफेशनल के रूप में ज्वाइन करने की है.

### शिविर में दिया जायेगा बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र

**गावां (गिरिडीह)।** गिरिडीह के 6 प्रखंडों में बिजली मिल माफी प्रमाण पत्र वितरण को ले 4 से 6 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जायेगा. आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बकाया बिल माफी से संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण सुबह 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपभोक्ताओं के बीच किया जायेगा. इस क्रम में 4 अक्टूबर को विद्युत शक्ति उपकेंद्र गावां एवं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल राजधनवार, 5 अक्टूबर को विद्युत अवर प्रमंडल जमुआ ( खरगडीहा), विद्युत शक्ति उपकेंद्र बिरनी व 6 अक्टूबर को विद्युत अवर प्रमंडल तिसरी एवं विद्युत शक्ति उपकेंद्र देवरी में आयोजित किया जायेगा . उक्त आश्य की जानकारी विद्युत कार्यालय अभियंता व विद्युत आपूर्ति प्रमंडल उतरी गिरिडीह के द्वारा दी गई है. कार्यपालक अभियंता राजेश रजवार ने कहा कि सभी उपभोक्ता उक्त निर्धारित में आयोजित शिविर में पहुंच कर प्रमाण पत्र अवश्य रूप से जाकर ले लें.

### पंडालों में सीसीटीवी लगाएं पूजा समितियां : डीसी

**साहिबगंज।** दुर्गा पूजा को लेकर साहिबगंज समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता डीसी हेमंत सती ने की. साथ में एसपी अमित कुमार सिंह भी थे. डीसी ने प्रखंड व थाना वार पूजा समितियों, लाइसेंसी पूजा पंडालों आदि की जानकारी ली. उन्होंने सभी पूजा समितियों व्यवस्था में आ रही समस्याओं की जानकारी ली. उन्हें भीड़ से निबटने व असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने व आग से निबटने के लिए अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था करने का निर्देश दिया. थाना प्रभारियों से इस पर अमल कराने को कहा. एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि पूजा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती होगी. सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी.

## जिला कृषि विभाग मेला सह प्रदर्शनी में करोडों की परिसंपत्तियों का वितरण

# सरकार जनता के लिए दिन-रात कर रही है काम : कल्पना सोरेन

संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)।



जिला कृषि विभाग मेला सह कृषि प्रदर्शन प्रमंडलीय स्तर को लेकर बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के पेसराटांड़ खेल मैदान में सोमवार को आयोजन किया गया था.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह कार्यक्रम जनता के हित के लिए है. सरकार जनता के लिए रात दिन मेहनत कर लोगों का काम कर रही है . उन्होंने कहा कि अपने ओर से बिजली माफी, ऋण माफी, मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास के अलावे कृषि यंत्र जैसी कई योजना लोगों के बीच लाया जा रहा है . किसान भाई के लिए इस किसान मेला में प्रदर्शन करने आये हुए लोगों को भी उन्होंने साधुवाद दिए . साथ ही साथ ऋण माफी का प्रमाण पत्र भी लोगों के बीच दिया. इस मौके पर मंत्री बेबी देवी ने जनता को ऋण माफी के अलावे कई प्रकार के बातों को रखे.

शिविर में कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, जिला सहकारिता विभाग, भूमि संरक्षन विभाग के अलावे सभी प्रकार के स्टॉल लगाया गया था. इस बाबत दीप प्रज्वलित कर इस मेला का शुभारंभ किया गया. इस मौके पर मंत्री बेबी देवी, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्य सभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावे कृषि निर्देशक डॉ कुमार ताराचन्द, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे.

इस कार्यक्रम में लगभग एक करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया . इसके अलावे प्रदर्शनी करने वाले किसानों को कई प्रकार के पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम में हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, कोडरमा, रामगढ़ के किसान आये हुए थे. दर्जनों किसानों को पुरष्कृत किया गया. इस दौरान सहकारिता विभाग से 500 एमटी का सोलर कोल्ड स्टोरेज एवं कृषि विभाग से पावर टेलर, ट्रेक्टर, रोटावेटर, पम्पसेट समेत कई प्रकार के यंत्रों का वितरण किया गया.

मौके पर समिति डाइरेक्टर विकाश कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक हजारीबाग संतोष कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी आशुतोष कुमार, राकेश कुमार सिंह, रूबी कुमारी, रजनीश कुमार, गौतम कुमार सिंह, सुबोध राय समेत सैकड़ों अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे.

# युवाओं के अरमानों पर खंजर चला रही है राज्य सरकार : जयराम महतो

संवाददाता। गिरिडीह



शहर की आम बागान में सोमवार को जेएलकेएम के बदलाव संकल्प महासभा में पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के अरमानों पर खंजर चला रही है. बार-बार पेपर लीक कर सरकार युवाओं के भविष्य को तार-तार कर रही है. संकल्प महासभा में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए जय राम ने कहा कि राज्य की राजनीति में हम टिकने आए हैं बिकने नहीं. कहा कि बेईमान और भ्रष्ट अधिकारी राज्य को खोखला कर रहे हैं और जिन पर राज्य को संवारने की जिम्मेवारी है वह मुक दर्शक बने हुए हैं. कहा कि राज्य में अफसरशाही पूरी तरह हावी है. राज्य के वीरों ने अलग झारखंड का गठन किया पर 24 साल बाद भी इसकी स्थिति बदहाल है. गांव की गलियों से लेकर चौपाल तक में राज्य की नाकामी की चर्चा है. उन्होंने स्थानीय विधायक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि संकल्प सभा शहर के झंडा मैदान में होनी थी, पर साजिश के तहत प्रशासन ने स्थान परिवर्तन कर दिया. कहा कि झंडा मैदान किसी की बपौती नहीं. वर्षों से यहां सभी दलों की सभा हो रही है. उन्होंने कहा कि जीएम लैंड पर कब्जा करने वाले विधायक को आगामी चुनाव में जनता सबक सिखाएगी. उन्होंने सवाल किया कि शहर में प्रदूषण पर स्थानीय विधायक मौन क्यों हैं? राज्य की बदहाल व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य व्यवस्था बदतर स्थिति में है और जनता को बरगलाने के लिए चुनाव के अंतिम तीन माह में राज्य सरकार रेवड़िया बांट रही है. कहा कि राज्य में चारों ओर शोषण और भ्रष्टाचार का बोलबाला है. उन्होंने शिबू सोरेन से सवाल किया कि अपने परिवार के चार लोगों को विधायक बनाने के लिए अलग राज्य का गठन किया गया था? झारखंड के लोगों को अभी भी बोका समझा जा रहा है. भ्रष्टाचार पर आमजनों को सवाल उठाना चाहिए, पर सभी अपनी दिनचर्या में व्यस्त हैं. कहा कि राज्य में राजनीतिक चेतना जागृत नहीं हुई तो भविष्य में बच्चे अपने अभिभावक से सवाल करेंगे. झारखंड की स्थिति आज बाबा का ढाबा जैसी हो गई है, आईय खाईय और चल दीजिए. बार-बार छात्र सड़क पर उतर रहे हैं, यह दुःखद स्थिति है.

सभा को संबोधित करते हुए पार्टी नेता नवीन चौरसिया ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ राज्य का गठन हुआ सरकार उन अरमानों पर पानी फेर रही है. सभा को पार्टी नेता राजेश यादव, पूजा महतो, सानिया परवीन सहित कई लोगों ने संबोधित किया.

## विस चुनाव को ले बीएलओ, सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

# किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : गिरिजा शंकर

संवाददाता। बोकारो

आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर वरीय नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को न्याय सदन के सभागार में बीएलओ एवं पर्यवेक्षक की प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. उक्त कार्याशाला में 36 बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कुल 131 मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की गई. मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, वरीय नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभास दत्ता, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह जिला शिक्षा पदाधिकारीजगरनाथ लोहारा, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग शक्ति कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद्र सिन्हा, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी बोकारो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

वरीय नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने सभी से कहा कि मतदाता सूची घर घर सत्यापन में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने मतदाता सूची संशोधन पत्र में किए गए प्रतिदिन कार्य का प्रतिवेदन निर्वाचन निबंधन कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करने का भी निर्देश दिया.

वरीय नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभास दत्ता ने सभी बीएलओ व सुपरवाइजर से लोकसभा आम चुनाव में बूथवार जानकारी लिया. उन्होंने सभी से पूछा कि चुनाव के पूर्व वोटर पर्ची कितना वितरण किया गया तथा उनमें से कितने लोग मतदान करने गए. जो बीएलओ अच्छे कार्य किए हैं उन्हें शबाशी दिए तथा जिनका कार्य अच्छा नहीं था उन्हें सुधार करने की जरूरत है. प्रशिक्षण में सुपरवाइजर, बीएलओ उपस्थित थे.

# विधायक ने डिग्री कॉलेज व सड़क की रखी आधारशिला

संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)



बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग दो जगहों पर करोडों की लागत की राशि से बनने वाली सड़क एवं डिग्री कॉलेज का आधारशिला सोमवार को गांडेय के विधायक कल्पना सोरेन ने रखी .

बताया जाता है कि लंबे समय से बेंगाबाद लुप्पी मुख्य मार्ग लगातार सुर्खियों में थी, जो आज उस रोड का आधारशिला रखी गई है. हालांकि इसके पूर्व इस मुख्य मार्ग का विभाग द्वारा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आधारशिला रखी गयी थी, लेकिन आज पुनः उसी मुख्य मार्ग का कल्पना सोरेन ने आधारशील रखी . हालांकि सूत्रों की मानें तो यह सड़क को तीन भाग में कार्य को बांटा गया है और पूर्व की भांति इस बार भी आधारशिला रखा रह जाएगा, यह बातें खुल कर स्थानीय लोग बोल रहे थे.

मोके पर स्थानीय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जबसे गांडेय विधानसभा में हमारी प्रवेश हुईं थी, उसी समय से यह सड़क सुर्खियों में थी. जिसे महत्वपूर्ण रूप से इसे स्वीकृति दिलाई गई है. यह सम्पूर्ण रूप से कार्य होगा, इसमें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है. यह सड़क 19.8 किलोमीटर की स्वीकृति है. बताया गया कि यह रोड लगभग 13 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी . हालाँकि यह सड़क बेंगाबाद घाघरा एवं गेनरो और लुप्पी के अलावे तीन भागों में बांट कर कार्य को पूरा किया जाएगा. वहीं महुवार में डिग्री कॉलेज का भी 42 करोड़ की लागत से भवन निर्माण एवं चाहरदिवारी लगभग 5 एकड़ में कार्य को किया जाएगा. मौके पर मंत्री बेबी देवी, हफीजुल हसन, राज्यसभा संसद डॉ सरफराज अहमद सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, आर ई ओ के एक्सक्यूटिव सुबोध कुमार दास, संजय कुमार सिंह, नुनुराम किस्कु, बिजय सिंह, नरसिंह नारायण देव, मीणा देवी, बिजय कुमार, मो फैज समेत सैकडों लोग कार्यक्रम में शामिल थे.

### पत्थर खदानों से बगैर चालान के भेजे जा रहे बोल्डर

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखण्ड के जमडार पंचायत में स्थित तीन पत्थर खदानों से इन दिनों बगैर चालान के अवैध तरीके से बोल्डर को क्रेशरों तक पहुंचाया जा रहा है. बता दें कि इन जगहों से रोजाना 100 हाइवा से अधिक बोल्डर बगैर चालान के सेटिंग गेटिंग के जरिये अवैध तरीके से गावां प्रखण्ड के हड़हड़ा, केंदुआडीह, ग़दर, मल्हेत व तीसरी प्रखंड के गुमगी, ककनी व सिंघो समेत कोडरमा के नवलशाही व डोमचांच भेजे जा रहे हैं. सड़क पर चलने वाले हाइवा में ओवरलोडिंग की स्थिति भी भयावह होती है. डाला में बड़े-बड़े पत्थर एक फिट ऊपर तक लदे होते हैं. क्योंकि जब ये हाइवा सड़क पर चलती हैं तो इनमें से पत्थर गिरने का खतरा बना रहता है, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है. इस अवैध गतिविधि से सरकार के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, साथ ही अवैध क्रेशरों को भी फायदा हो रहा है. प्रशासन और खनन विभाग इस पर कार्रवाई के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है जिससे उनकी भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है . इस मामले में सड़क सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके. गावां अंचलाधिकारी अविनाश रंजन ने कहा कि बगैर चालान के अगर हाइवा में पत्थर लादकर ले जाया जा रहा है, तो इसके खिलाफ जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी. अवैध पत्थर खनन और परिवहन से न केवल सरकार के राजस्व को नुकसान होता है, बल्कि यह सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरनाक है.

### डीएवी पब्लिक स्कूल में 6 शिक्षकों को किया सम्मानित

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो के सभागार में विशिष्ट सम्मान समारोह के अंतर्गत सम्मानित हुए शिक्षकों को सम्मान किया गया. जिनमें सामाजिक विज्ञान विभाग से रूपा सिंह व राजेश को गार्गी मंजू सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया. यह सम्मान रांची में मिला. डॉक्टर राधा कृष्णन के जन्म दिवस पर विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक प्रशांत कुमार को गुरु वशिष्ठ सम्मान -2024 से सम्मानित किया गया. स्वरूप नाथ, मनीषा अश्विनी सहाय, व भावना घाले को रोटरी क्लब चास व बोकारो की ओर से सर्वोत्तम शिक्षक सम्मान- 2024 से सम्मानित किया गया. सभी सम्मानित शिक्षकों का डीएवी-6 के सभागार में स्वागत किया गया.

### रोटरी क्लब चास ने विद्यालय में बांटा वस्त्र

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा सेक्टर 2 स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच नए वस्त्रों का वितरण किया गया. रोटरी क्लब चास के सदस्य विद्यालय पहुंचे और जरूरतमंदों के बीच नए वस्त्र का वितरण किया. रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की यथासंभव समय-समय पर उनकी ज़रूरत पूरी करना हमारा नैतिक कर्तव्य है. विनोद चोपड़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में तथा समाज में सकारात्मक प्रभाव एवं शिक्षा का महत्व बढ़ता है. संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रोटरी क्लब इंसानियत एवं मानव कल्याण के लिए ऐसे आयोजन करते रहेगी. संस्थान के वार्डन भागीरथ महतो ने रोटरी सदस्यों का स्वागत करते हुए बच्चों के प्रति उदारता दिखाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया.

### देवघर में तंबाकू निषेध कार्यशाला

**देवघर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी कोषांग देवघर के निर्देशानुसार देवघर पब्लिक स्कूल में तंबाकू निषेध पर कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना था. इसमें तंबाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबंधित बीमारी के बारे में चर्चा हुई.

### राजद के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**जमुआ (गिरिडीह) ।** राजद में इन दिनों काफी हलचल है. नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है. पिछले एक दशक से राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं देखा जा रहा था, जो अब है . दो अक्टूबर को जमुआ के अंबेडकर मैदान कंदाजोर में राजद की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन है. उस सम्मेलन की तैयारी में इसके नेता और कार्यकर्ता रात दिन जुटे हैं. आज पार्टी नेताओं ने डाक बंगला में एक प्रेस कांफ्रेंस रखा. प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव ललन यादव ने कहा कि राजद ही भाजपा को उखाड़ के फेंक सकता है. कहा कि जमुआ राजद का गढ़ रहा है. यहां राजद के कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है. युवा भी बड़ी संख्या में राजद से जुड़ रहे हैं.

# कथारा की कॉलोनियों में लगा गंदगी का अंबार

## सीसीएल प्रबंधन की खुली स्वच्छता अभियान की पोल, नारकीय जीवन जीने को मजबूर कॉलोनीवासी

विश्वकर्मा भारती। कथारा



सीसीएल प्रबंधन स्वच्छता ही सेवा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चला रहा है. सीसीएल कथारा क्षेत्र में अभियान के दौरान जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर कार्यालयों व कॉलोनियों में साफ-सफाई के साथ ही कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है. वहीं दूसरी ओर सीसीएल कथारा क्षेत्र की आवासीय कॉलोनियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. कूड़ेदान कचरे से अटे पड़े हैं. बरसात में इन कचरों की दुर्गंध से वातावरण प्रदूषित हो रहा है. यह स्थिति स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है. स्वच्छता अभियान महज दिखावे के लिए रह गया है. दरअसल, स्वच्छता अभियान उस स्थान पर चलाया जाता है, जो पहले से साफ-सुथरा है. यह अभियान हाथ में झाड़ू लेकर सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सिमट कर रह गया है. स्वच्छता अभियान अब अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन सफाई कहीं दिख नहीं रही है. अब देखना यह है कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर भी स्वच्छता की खानापूर्ति की जाएगी या फिर बापू के सपने को साकार करने का कार्य वास्तविक रूप किया जायेगा. इस मामले में सीसीएल कथारा क्षेत्र का सिविल विभाग भी गंभीर नहीं दिख रहा है. श्रमिक संगठनों के नेताओं ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है.

**इन क्षेत्रों में फैली है गंदगी**

सीसीएल कथारा क्षेत्र की जारंगडीह परियोजना के समीप दुर्गा मंदिर के आसपास, जारंगडीह सब्जी बाजार, जारंगडीह 12 नंबर, माइंस क्वार्टर, मनसा नगर, अपर बंगला मंदिर के सामने मुख्य सड़क के किनारे, सावित्री कॉलोनी, गायत्री कॉलोनी, कथारा दुर्गा मंडप के पास, कथारा कोलियरी परियोजना कार्यालय के मुख्य द्वार के बगल, सीनियर डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने, कथारा दो नम्बर कॉलोनी, तीन व चार नम्बर कॉलोनी, आईबीएम कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों में गंदगी व कचरे का अंबार लगा हुआ है.

### स्वच्छता अभियान महज खानापूर्ति : अजय



बेरमो विधायक के प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता अभियान महज खानापूर्ति बनकर रह गया है. चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है. तीन माह से कॉलोनियों की साफ-सफाई बाधित है.

### गंदगी से लोग परेशान : मंडल



श्रमिक नेता राजकुमार मंडल ने कहा कि गंदगी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. प्रबंधन को इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की जरूरत है. उन्होंने सफाई अभियान में हाथ में झाड़ू थामकर फोटो खिंचवाने वाले अधिकारियों से आग्रह किया कि खानापूर्ति की जगह आपसी सहयोग से अभियान को सफल बनाएं. तभी स्वच्छ भारत निर्मल भारत का सपना साकार हो सकेगा.

# निरसा विधानसभा सीट भाजपा के लिए चुनौती, प्रत्याशी बदलने की उठी मांग

## मासस का भाकपा माले में विलय के बाद अरूप चटर्जी की स्थिति मजबूत







राजकुमार महतो

निरसा। झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित निरसा विधानसभा सीट पर वर्ष 1957 से 2019 तक वामदल का कब्जा रहा. वामदल के प्रत्याशी यहां से विधायक चुने जाते रहे. 2019 में पहली बार यहां कमल खिला. भाजपा के टिकट पर अपर्णा सेनगुप्ता ने मासस प्रत्याशी अरूप चटर्जी को शिकस्त देकर चुनाव जीतीं. 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को निरसा में कुल 89082 (42.2%) मिले थे.

### 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम दोहराने की जुगाड़ में भाजपा

2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम दोहराने की जुगाड़ा में भाजपा है. निरसा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार पीएन सिंह को करीब 1 लाख 29 हजार (69 फीसदी) मत मिले थे, जिसका फायदा 2019 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को मिला था .वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो को निरसा विधानसभा क्षेत्र में करीब 1 लाख 40 हजार वोट मिले. ग्रामीण क्षेत्रों में बंपर वोटिंग हुई, जिसका फायदा ढुल्लू को हुआ. 2024 के लोकसभा चुनाव की तरह भाजपा विधानसभा चुनाव में भी वोट हासिल होने की उम्मीद लगाए बैठी है. यही कारण है कि भाजपा 2019 की तरह चुनाव परिणाम दोहराने की जुगत में है.

### साल दर साल बढ़ता गया भाजपा का ग्राफ

निरसा विधानसभा में भाजपा का साल दर साल मतों का ग्राफ बढ़ता गया. 2014 के मुकाबले 2019 में 17 प्रतिशत वोट बढ़ा. वहीं वर्ष 2014 में भाजपा उम्मीदवार को 25 .1% और 2009 में 21 .2% मत हासिल हुए थे. 2014 में भाजपा के टिकट पर निरसा निवासी गणेश मिश्रा चुनाव लड़े थे. उन्होंने अपने निकटवर्ती उम्मीदवार मासस के अरूप चटर्जी को कड़ी टक्कर दी थी. वे महज 1 हजार 35 वोट से चुनाव हार गये थे. गणेश मिश्रा को 50546 वोट मिले थे. वहीं अरूप चटर्जी को 51581 मत हासिल हुए. 2009 में भाजपा ने अशोक कुमार मंडल को टिकट दिया था. अशोक को 33088 यानी 21 .21 प्रतिशत मत मिले, जबकि अरूप चटर्जी को 68965 यानी 43 .8 प्रतिशत वोट मिले.

### इस बार परिस्थितियां अलग

हालांकि वर्ष 2019 के मुकाबले 2024 के विधानसभा चुनाव में निरसा की परिस्थितियां अलग है. 2019 के चुनाव में झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार थी. रघुवर दास मुख्यमंत्री थे. 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार है. 2019 में मासस के टिकट पर अरूप चटर्जी चुनावी मैदान में उतरे थे. वहीं 2024 में अरूप चटर्जी भाकपा माले के टिकट पर चुनाव मैदान में होंगे, क्योंकि मासस का भाकपा माले में विलय हो चुका है. दूसरी तरफ ये चर्चा भी है कि भाकपा माले ने इंडिया गठबंधन के सामने निरसा के अलावा सिंदरी सीट की भी मांग रखी है. हालांकि इसका फैसला विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सीटों के बंटवारे होने पर ही होगा.

### एनडीए के लिए अरूप चटर्जी बनेंगे चुनौती

2024 के चुनाव में एनडीए गठबंधन के लिए अरूप चटर्जी बड़ी चुनौती बनेंगे. ऐसा इसलिए कि 2019 के चुनाव में मासस के टिकट पर भले ही वे चुनाव हार गए थे, लेकिन मतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई थी. 2019 में अरूप चटर्जी को 30 प्रतिशत वोट मिले थे. वहीं 2014 के विधानसभा चुनाव में अरूप चटर्जी की जीत हुई थी तथा उन्हें 25 .6 प्रतिशत वोट मिले थे. साल 2009 में अरूप चटर्जी को 43 .8 प्रतिशत वोट मिले थे.

### 2024 के चुनाव में अरूप चटर्जी का लक्ष्य

2009 के बराबर वोट लाने का है. इसके लिए वे दिन-रात मिहनत कर रहे हैं. युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ रहे हैं. नए कैडर बना रहे हैं. वैसे भी मासस का भाकपा माले में विलय होने के बाद पार्टी कैडरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है .यहां यह बताना जरूरी है कि निरसा में झामुमो के भी करीब 15 प्रतिशत वोटर हैं. इंडिया गठबंधन के तहत भाकपा माले उम्मीदवार को टिकट मिलने पर झामुमो का भी 15 प्रतिशत वोट मिलेगा. इस वजह से भी 2024 का चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण होगा.

### भाजपा प्रत्याशी बदलने के मूड में

मौजूदा भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की साख दिनोंदिन गिरती जा रही है. इस वजह से भाजपा के अंदर ही प्रत्याशी बदले जाने की मांग उठी है. अपर्णा 2005 में अपने पति सुशांतो सेनगुप्ता की पार्टी फॉरवर्ड ब्लॉक से चुनाव जीत कर मंत्री बनी थीं. 2009 और 2014 के चुनाव में फॉरवर्ड ब्लॉक के टिकट पर ही वह तीसरे स्थान पर रहीं. दोनों ही बार उन्हें महज 11 फीसदी वोट मिले. वहीं अपर्णा सेनगुप्ता के मुकाबले भाजपा के अशोक मंडल और गणेश मिश्रा को दोगुना मत मिले. अपनी राजनीतिक नैया डूबता देख साल 2019 में अपर्णा ने भाजपा का दामन थामा और प्रचंड बहुमत से विजयी हुईं. झारखंड में एनडीए की सरकार नहीं बनने से अपर्णा को फायदा नहीं मिला, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा है. पांच वर्षों तक विधायक रहते हुए अपर्णा सेनगुप्ता भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच वह साख नहीं बना पायी, जिसकी उम्मीद थी. इस वजह से भाजपा कार्यकर्ता उनसे दूर होते गए. 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के प्रचार-प्रसार के दौरान भी विधायक अपर्णा सेनगुप्ता का विरोध जगह-जगह देखा गया. कुल मिलाकर देखा जाय तो अपर्णा सेनगुप्ता जनादेश की कसौटी पर खरा नहीं उतर रही हैं. इस वजह से भाजपा के अंदर प्रत्याशी बदलने की मांग उठी है.

### अशोक को लेकर कई सवाल

अशोक मंडल एक ऐसा नाम है जिन्होंने कठिन मिहनत कर भाजपा को निरसा विधानसभा में मजबूत बनाया. निरसा कभी लाल झंडे का गढ़ माना जाता था. उस काल में उन्होंने भाजपा को मजबूत बनाया. साल 2009 के चुनाव में भाजपा की टिकट पर अशोक मंडल चुनावी मैदान में उतरे, लेकिन मासस उम्मीदवार अरूप चटर्जी से चुनाव में हार गए. अरूप चटर्जी को 68965 वोट मिले. वहीं अशोक मंडल को 33388 मत हासिल हुए. इस चुनाव में फॉरवर्ड ब्लॉक के टिकट पर चुनाव लड़ी अपर्णा सेनगुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं तथा उन्हें 17597 वोट मिले. 2014 में अशोक मंडल पार्टी बदल कर झामुमो के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे तथा तीसरे स्थान पर रहे. चर्चा है कि विधानसभा चुनाव-2024 में झामुमो निरसा से प्रत्याशी नहीं उतारेगा और अरूप चटर्जी को समर्थन देगा.

## ब्रीफ खबरें

### महुदा में विदाई समारोह आयोजित

**महुदा:** पश्चिमी वॉशरी जॉन अन्तर्गत महुदा कॉल वॉशरी के भुरूंगिया एचबी सेक्शन में सोमवार को कामेश्वर राम की अध्यक्षता में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर उत्तम कुमार दुबे को उनके सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया और विदाई दी गई। कोलियरी कर्मियों और अधिकारियों ने फुलमाला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उत्तम कुमार दुबे का सम्मान किया। बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से आए पदाधिकारियों ने मोमेंटो देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### चरण तिवारी को श्रद्धांजलि

**निरसा बजार** । प्रखंड के घाघरा पंचायत के घाघरा गांव स्थित स्वर्गीय अभय चरण तिवारी की शहादत स्थल पर सोमवार को 45वां शहादत दिवस मनाया गया। ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन के साथ दो मिनट का मौन रखा और बारी-बारी से माल्यार्पण किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अभय चरण तिवारी एक लोकप्रिय नेता थे, जो संघर्षशील, दलित, गरीब और कमजोरों की आवाज बुलंद करते थे। माफियाओं के खिलाफ वे जीवन भर संघर्ष करते रहे, जिससे उनकी हत्या 1978 में हुई। आज भी वे निरसा उत्तर क्षेत्र के ग्रामीणों के हृदय में बसे हैं।

### सफाई कर्मियों को मिला पीपीई किट



**धनबाद** । स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत नगर निगम के 790 सफाई कर्मियों को नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने सोमवार को पीपीई किट दिया. केंद्र सरकार के निर्देश पर नगर निगम स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मना रहा है. जिसके तहत लगातार कई तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं. निगम के सभी अंचलों के सफाई कर्मियों को पीपीई किट दिया गया.

## एमपीएल कामगार यूनियन का प्रबंधन के खिलाफ विरोध

# प्रबंधन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई की घोषणा की

**खास बातें**

- निरसा में एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक में उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता। निरसा



निरसा में एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक में प्रबंधन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया गया है। यूनियन ने कहा कि प्रबंधन ने कामगारों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया है, जिससे कामगारों में आक्रोश है। यूनियन के सचिव महेश मंडल ने कहा कि प्रबंधन ने पिछले वर्ष के वादे को तोड़ा है और इस वर्ष बोनस में वृद्धि करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि यूनियन अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है और अनिश्चितकालीन उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। महेश मंडल ने बताया कि यूनियन ने 29 जुलाई को प्रबंधन को पांच सूत्री मांग पत्र दिया था, जिसमें दुर्गा पूजा का बोनस 8.33% से बढ़ाकर 20% करने, 21,000 रुपये से अधिक वेतनमान वाले कामगारों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, और सभी कामगारों को प्रमोशन देने की मांग की गई थी। लेकिन दो महीने बीत जाने के बावजूद प्रबंधन ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की है। यूनियन के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन की इस तरह की वादा खिलाफी से कामगारों में आक्रोश है और वे अब अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यूनियन प्रबंधन के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अगर प्रबंधन ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो यूनियन उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। बैठक में यूनियन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें केशव तिवारी, मनोज मंडल, चंदन मंडल, प्रभु सिंह, शमीम अथर, तुलसी तिवारी, बाँकीम दास, आनंद महतो, मुन्ना यादव, विकास सिंह, तारक तिवारी, शंभू सिंह और राजेश तिवारी शामिल थे।

# सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी टीवी देखेंगे बच्चे

## जिले में आठ सक्षम केंद्र, दो केंद्रों का उद्घाटन

संवाददाता। केंदुआ



केंदुआ : धनबाद प्रखण्ड प्रमुख आरती देवी ने स्वामी विवेकानन्द इंदिरा आवास पुटकी में सोमवार को जिले की नवचयनित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन व पोषण माह का समापन कराया. इस अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख व पंसस मनीषा देवी व मुखिया ममता चौधरी ने दो नवजातों की मुंह जूठी कराई वहीं पोषण क्षेत्र की महिलाओं के बीच पोषाहार का वितरण किया.पूरे जिले में आठ व धनबाद प्रखण्ड के सेक्टर दो के सियालगुदरी व सेक्टर वन के बरडुभी पंचायत के दो केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में चयनित किया गया है. सेक्टर टू की पर्यवेक्षक वीणा कुमारी व सेविका नीलिमा ज्योति ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के सक्षम श्रेणी में चयन से क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होंगे. केंद्र को बच्चों के लिए बैठने के लिए टेबल,कुर्सी,एलईडी टीवी, खेल सामग्री,पढ़ने लिखने के लिए स्लेट,रजिस्टर आदि आपूर्ति की गई है.वहीं एक माह तक सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने पोषक जागरूकता अभियान चलाया. माताओं को पोषक तत्वों ,विटामिन ,किशोरियों को एनीमिया की जानकारी दी.सक्षम केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पोषक 51 प्रकार के भोज्य पदार्थ,फल,हरी सब्जियों आदि का भी प्रदर्शनी लगाई गई. उद्घाटन के अवसर पर लाहरगोड़ा की सेविका कलावती देवी, माया कुमारी (सियालगुदरी), फरीदा खातून (मस्जिद मुहल्ला), रंजू देवी (न्यू ड्रिफ्ट,) पूनम देवी (पेटिया), मीनाक्षी देवी (कोकप्लांट), माया देवी (आरा पट्टी), कुमारी अनुराधा, पुष्पा देवी,अनिता दास (मुनिडीह), कुमारी पूनम (ऊपर धौड़ा), सविता

# कतरास में पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



संवाददाता। कतरास

धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या पांच स्थित लकड़का पांच नंबर बस्ती और आदिवासी गांव गुंदलीबेड़ा में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक हुई। झारखंड ग्रामीण ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में पन्नू भुइयां ने शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने पौधारोपण किया और लोगों के बीच पौधा वितरित किया गया। समिति के कोडिनेटर उमेश ऋषि ने कहा, ₹पौधा लगाने के बाद जैविक खाद का प्रयोग करें, इससे पौधे अधिक बढ़ेंगे और मिट्टी का कटाव रुकेगा। हमें अपने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए नियमित रूप से पौधारोपण करना चाहिए।₹ इस दौरान ग्रामीण स्तरीय समिति के सदस्यों के बीच वस्त्र वितरित किए गए और लोगों ने रैली निकालकर पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिबू मांझी, सुरेश ठाकुर, तरुण पाल, दर्शना देवी, शंकर तुरी, राधा कुमारी किस्कू, शिवनाथ विश्वकर्मा आदि मौजूद थे। बैठक में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया और लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रेरित किया गया। समिति ने आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# खरखरी कोलियरी मजदूरों का धरना 27वें दिन भी जारी

**खास बातें**

- मजदूरों का प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता। मधुबन



गाविन्दपूर क्षेत्र संख्या 3 के खरखरी कोलियरी के मजदूरों ने महेशपुर और अन्य कोलियरियों में तबादला करने और एमडीओ तहत निजी कंपनी देने के विरोध में सोमवार को 27वें दिन भी धरना जारी रखा। मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और खरखरी कोलियरी कार्यालय मुख्य द्वार पर सभा में तब्दील होकर जोरदार प्रदर्शन किया। बीसीकेयू के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि मजदूरों को गैर कानूनी तरीके से वेतन भुगतान पर रोक लगाने के प्रबंधन के फैसले को गैर कानूनी और गैर जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि वे अपने रवैया से बाज नहीं आते हैं तो 3 अक्टूबर से खरखरी कोलियरी के हाजरी घर और कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। शेख रहीम ने कहा कि मजदूरों का तबादला करना और निजी कंपनी देना मजदूरों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए एकजुट होना होगा। इस अवसर पर घनश्याम यादव, याकूब अंसारी, अजय महतो, वड़ा वावु तिवारी, भागीरथ मंडल, मो ताजुल, मो असगर, वैजनाथ धोबी, वासुदेव रविदास, याकुव अन्सारी, जयनाथ साव, कैलाश हाड़ी आदि उपस्थित थे।

# हेचरी की दुर्गंध से परेशान ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

संवाददाता। कतरास



बरोरा थाना क्षेत्र के दरिदा गांव में संचालित अंडा फार्म (हेचरी) की बदबू और गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने नारेबाजी की और बताया कि मुर्गी फार्म की गंदगी से मक्खियां पनप रही हैं और दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फार्म का मालिक जियाऊल अंसारी पावर और पैसे के बल पर गंदगी और बदबू फैला रहा है। उन्होंने कहा कि फार्म संचालक लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और गंदगी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने फार्म संचालक को कई बार सूचना देकर गंदगी को दूर करने की बात कही है, लेकिन संचालक नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि फार्म की गंदगी से आसपास के गांवों में भी दुर्गंध फैल रही है और लोगों का स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर फार्म संचालक दुर्गंध को दूर नहीं करते हैं तो वे सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की है कि वह फार्म संचालक के खिलाफ कार्रवाई करे। इस विरोध प्रदर्शन में मोहम्मद कलाम, मो० अफरोज अंसारी, सज्जाद अंसारी, मो० रियाजुद्दीन अंसारी, सफी अंसारी, मो० आफताब अंसारी, दिलखुस अंसारी, समसुल अंसारी, अक्रम, अजमल, अमानुल्ला, अल्फाज़ अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आसनसोल

# अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ का धरना प्रदर्शन, सीएमडी को ज्ञापन

**खास बातें**

- कोलियरी सुरक्षा में सुधार, ठेका मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा की मांग

संवाददाता। सांकतोड़िया



अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (बीएमएस) ने कोल उद्योग में सुरक्षा, ठेका और सीएमपीएफ अनियमितता के विरोध में सोमवार को ईसीएल मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना और प्रदर्शन किया। इस मौके पर बीएमएस के कार्याध्यक्ष जयनाथ चौबे, खान श्रमिक कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद सिंह, महामंत्री मृत्युंजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बीएमएस ने 17 सूत्रीय मांगें रखी, जिनमें कोलियरी सुरक्षा, ठेका मजदूरों के अधिकार, और सीएमपीएफ में अनियमितता का समाधान शामिल है। बीएमएस के महामंत्री सुधीर घुरडे ने पहले ही कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन, कोयला सचिव, डीजीएमएस, सीएमपीएफओ को आंदोलन की सूचना दी थी। बीएमएस के कार्याध्यक्ष जयनाथ चौबे ने कहा कि हमारी मांगें तभी संभव होंगी जब हमारा ईसीएल, कोल कंपनी बचा रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे भारत सरकार के तत्कालीन कोयला मंत्री माननीय प्रल्हाद जोशी ने कोलियरी सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए थे, लेकिन अभी भी बहुत काम करना बाकी है। इस अवसर पर बीएमएस के प्रदेश मंत्री महेंद्र गुप्ता, एबीकेएमएस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, संथाल परगना कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री अंगद उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पुरुलिया में सड़क दुर्घटना में सुरक्षा गार्ड की मौत

**पुरुलिया** । पुरुलिया में सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई। यह घटना टामना थाने के छगड़ा गांव के पास निर्माणाधीन बाइपास रोड पर हुई। मृतक सुमित महतो (36) पुरुलिया शहर के वार्ड नंबर 6 के रहने वाले थे और निर्माणाधीन बाइपास रोड पर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। लोहे की रॉड से लदी एक लॉरी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में सोमवार सुबह शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधीकारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे सड़क सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।


# बराकर-चिरकुंडा पुल की स्थिति खराब युवा नेता ने की मरम्मत की मांग

## अभिमन्यु ने उठाया जर्जर पुल का मुद्दा

**खास बातें**

- पुल के खंभों से लेकर स्लैब तथा रेलिग तक की स्थिति हो चुकी है खस्ताहाल

संवाददाता। बराकर



बराकर और चिरकुंडा को जोड़ने वाले पुल की मरम्मत की मांग युवा नेता अभिमन्यु बरकार ने पथ परिवहन विभाग से की है। बंगाल और झारखंड में हुई भारी बारिश के कारण मैथन डैम से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से यह पुल खतरे में पड़ गया है। इस पुल को स्थानीय लोग 'लाइफ लाइन' कहते हैं, लेकिन कई सालों से बड़े वाहनों के लिए इसका उपयोग वर्जित है। युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने इस मुद्दे को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग के ध्यान में लाया है, लेकिन फिर भी भारी वाहनों का आवागमन जारी है। पुल के कई पिलरों में कटाव हुआ है, जिससे बड़ी दुर्घटना की संभावना है। अभिमन्यु कुमार ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे पुल के दोनों ओर जल्द से जल्द बैरियर लगाएं। अभिमन्यु कुमार ने कहा, ₹यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और इसकी मरम्मत आवश्यक है। अगर समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है, जिससे बड़ी त्रासदी हो सकती है। अभिमन्यु कुमार ने पथ परिवहन विभाग से अनुरोध किया है कि वे पुल की मरम्मत के लिए तत्काल कार्रवाई करें और पुल के दोनों ओर बैरियर लगाएं। उन्होंने कहा, यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और इसकी मरम्मत आवश्यक है।

### ब्रीफ खबरें

### एसपी ने एसआई सहित चार को किया सस्पेंड

**बक्सर ।** बक्सर जिले में नगर थाने के पुलिस कर्मियों पर एसपी ने घूसखोरी के आरोप में चार पुलिस कर्मियों को एसपी ने सस्पेंड कर दिया है. साथ ही नगर थाने में केस भी दर्ज की गई है. दरअसल नगर थाना क्षेत्र के ठोरा पुल के पास का एक वीडियो शुक्रवार से वायरल हो रहा था, जिसमें नगर थाना की गश्ती पुलिस के जरिए मवेशी ले जा रहे वाहन से पैसे की वसूली करते हुए देखा गया है. इस मामले की जांच सदर एसडीओ धीरज कुमार को दिया गया. धीरज के जांच में मामला सही पाया. इसके बाद यह कार्रवाई की गई.

### बेटे ने बुजुर्ग मां की पीट-पीट कर मार डाला

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में नशे में धुत बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां की पीट-पीट कर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि बेटा मां को तब तक पीटता रहा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई. मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है. सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया. यह घटना सदर थानाक्षेत्र के हंसदा टोला वार्ड-35 मुंशीबाड़ी में हुई है. मृतका की पहचान भोक्ता उरांव की पत्नी मुस्मात भादो देवी (62) के रूप में हुई है. मृतका के बेटे जितेंद्र मिंज ने बताया कि उसकी मां मुस्मात भादो देवी के तीन बेटे हैं.

### व्यवसायी हत्या मामले में छह आरोपी को राहत

**पटना ।** पटना हाईकोर्ट ने मार्बल व्यवसायी रामचन्द्र झा की हत्या मामले में विक्की कुमार समेत अन्य छह को पटना की निचली अदालत द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को निरस्त कर दिया. जस्टिस आशुतोष कुमार व जस्टिस जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने विक्की कुमार समेत अन्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के बाद यह फैसला सोमवार को सुनाया. केस में लगाये गए आरोप के मुताबिक जब मृतक राम चन्द्र झा बाइक पर घर वापस आ रहे थे, तो रंजीत, रंजन, संतोष, भोला, सुकेश और रोहित ने मृतक पर अंधाधुंध फायरिंग कर रामचंद्र की हत्या कर दी.

## उत्तर बिहार में बाढ़ से करीब 16 लाख की आबादी प्रभावित, कोशी बराज के सभी 56 फाटक को किया बंद

# अररिया में बाढ़ के पानी में डूबने से सात की मौत

**संवाददाता । पटना**

बिहार के कई जिलों में बाढ़ ने तबाही मचाई है. इस बीच सोमवार को अररिया जिला के अलग-अलग हिस्सों से बाढ़ के पानी में डूबने से सात लोगों के मौत की खबर है, जिसमें सदर प्रखंड के मदनपुर में दो, जोकीहाट प्रखंड में दो और भरगामा प्रखंड में तीन लोगों की मौत हुई है. जिले में एक ही दिन बाढ़ के पानी में डूबने से सात लोगों के मौत से हाहाकार मच गया है. वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं अररिया के डीएम अनिल कुमार ने बाढ़ के पानी में डूबने से सिर्फ चार लोगों के मौत की पुष्टि की है.

इधर, नेपाल और बिहार में हुई बारिश से उत्तर बिहार के 12 जिलों की करीब 16 लाख आबादी प्रभावित है. हालांकि सोमवार सुबह सुपौल जिले के वीरपुर स्थित कोशी बराज के सभी 56 फाटक को बंद कर दिया गया. जिससे लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की उम्मीद है. यह बीते चार दिनों से खुला हुआ था. कोसी-सीमांचल में बीते 24 घंटे के दौरान बाढ़ के पानी में डूबने से 06 लोगों की मौत हो गई है.

कोसी बराज का फाटक खोले जाने के तीसरे दिन रविवार-सोमवार को मध्य रात्रि दरभंगा जिले में किरतपुर प्रखंड के भूभौल गांव के पास कोसी के तटबंध के टूट जाने से किरतपुर प्रखंड और घनश्यामपुर प्रखंड में बाढ़ का पानी पहुंच गया है. उत्तर बिहार के प्रमुख नदियों में एक बागमती नदी जो उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी शिवहर और कुछ मोतिहारी इलाके को प्रभावित करती है, वह भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. बागमती नदी के कारण मुजफ्फरपुर के औराई और कटरा के साथ-साथ गायघाट प्रखंड के कई गांव सोमवार को पानी भरने के साथ ही जलमग्न हो रहा है. नदी का तेज बहाव ने तटबंधों को ध्वस्त कर दिया है. अब तक सात तटबंध टूट चुके हैं.



**पलायन को मजबूर ग्रामीण**

शिवहर में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है. शिवहर जिले के तरियानी छपरा में बागमती नदी का पानी घुसने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. लोग ऊंचे स्थानों पर बसेरा ढूंढ रहे

### जान जोखिम में डालकर स्कूल जाते शिक्षक

**दराभंगा ।** नेपाल में हुई भारी बारिश का असर दरभंगा जिला में साफ–साफ दिखने लगा है. इसी बाढ़ ग्रस्त इलाके के



तिकेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के प्रावि के शिक्षक अपनी जान को जोखिम में डालकर मूल्यांकन करने अपने स्कूल निकल पड़े है. मूल्यांकन कार्य मे लगे शिक्षक अपने माथे पर जांचने वाली कॉपी और हाथों में अपने चप्पल जूते और कंधे पर अपना बैंग टांगकर जान को जोखिम में डालते हुए अपने ड्यूटी का पालन करने जाते दिख रहे है.

### बाढ़ के पानी ने तबाही मचा दी

मुजफ्फरपुर जिले में तेजी से बाढ़ का पानी घुसने लगा है. जिले के औराई प्रखंड और कटरा प्रखंड के कई इलाके में बाढ़ के पानी ने



तबाही मचानी शुरू कर दी है. प्रखंड क्षेत्र के पहसौल और बसगट्टा के पास में डेढ़ पानी सड़क पर बह रही. इस दौरान में बकुची पावर हाउस में बाढ़ का पानी घुस चुका है. इस बाद अब इलाके में बिजली व्यवस्था के चरमरा जाने का खतरा बन गया है. जिला प्रशासन लोगों से ऊंचे स्थान पर जाने की अपील कर रही है.

## सुगौली थाना परिसर में घुसा बाढ़ का पानी, पूरा थाना खाली

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**

सिकरहना (बूढी गंडक) नदी की सहायक नेपाली नदियों में उफान के बाद अब सिकरहना नदी भी उफनाने लगी है. जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी होने के बाद अब सिकरहना नदी का पानी सुगौली प्रखंड के निचले इलाकों में तेजी से फैलने लगा है. लिहाजा सुगौली थाना परिसर में भी बाढ़ का

**थाना परिसर में करीब डेढ़ फीट पानी भरा**

पानी प्रवेश कर गया है. जिस वजह से पुलिस कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बाढ का पानी थाना परिसर के अलावा पुलिस कर्मियों के सरकारी क्वार्टर में भी प्रवेश कर गया है. फिलहाल सुगौली थाना परिसर में करीब डेढ़ फीट पानी भर चुका है.



## पुलिस-शराब माफिया के बीच मुठभेड़

# एक जवान व तस्कर घायल

**संवाददाता । गोपालगंज**

गोपालगंज में पुलिस और यूपी के शराब माफिया के बीच सोमवार को मुठभेड़ हुई है. दोनों और से कई राउंड गोलियां चली हैं, जिसमें एक होमगार्ड जवान और एक यूपी के शराब माफिया को गोली लगी है. घटना कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर एसएमडी कॉलेज के पास की है. दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है. घायल शराब माफिया की पहचान नवीन अख्तर के रूप में की गई है, जो यूपी के कुशीनगर जिला के शाहपुर का रहने वाला है. वहीं, घायल होमगार्ड जवान बसंत मांझी बताए गए हैं, जो कुचायकोट थाना में तैनात है. एसपी अवधेश दीक्षित ने घटना की पुष्टि की है. सदर अस्पताल में एसपी ने पहुंचकर घायलों के इलाज के बारे में जानकारी ली है और शराब माफिया से पूछताछ की है.

### पुलिस ने ट्रक का पीछा किया

एसपी ने बताया कि एक ट्रक में शराब की खेप बिहार आ रही थी. सूचना मिलने ही कुचायकोट थाने की पुलिस ने ट्रक का पीछा किया, जिस पर शराब माफियाओं ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की है, जिसमें शराब माफिया को पैर में गोली लगी है. जबकि शराब माफियाओं की फायरिंग में होमगार्ड जवान को पेट में गोली लगी है. एसपी ने कहा है कि जवान का ऑपरेशन जारी है.

### बेटे की हत्या मामले में पिता को हुई उम्रकैद

**सुपौल ।** सुपौल जिले में त्रिवेणीगंज थानाक्षेत्र के एक सनसनीखेज मामले में अदालत ने शराब के नशे में अपने बेटे की हत्या करने वाले पिता को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. उत्पाद न्यायालय प्रथम के न्यायाधीश अभिषेक कुमार मिश्र ने आरोपी हरि नारायण शर्मा को हत्या का दोषी पाते हुए यह सजा दी. इसके साथ ही आरोपी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. जुर्माने की राशि न चुकाने पर आरोपी को अतिरिक्त छह महीने का कारावास भुगतना होगा. जानकारी के मुताबिक, यह मामला 24 अप्रैल 2021 का है, जब त्रिवेणीगंज थाना में आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. घटना की शिकायत मुकेश शर्मा की पत्नी रेणु देवी ने की थी, जिनके अनुसार उनके ससुर हरि नारायण शर्मा ने नशे की हालत में उनके पति की हत्या कर दी थी.

## बेगूसराय जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र का मामला

# तेज रफ्तार ट्रक ने तीन दोस्तों को कुचला, तीनों की मौत

**संवाददाता । बेगूसराय**

बेगूसराय जिले के फुलवरिया थानाक्षेत्र से एक सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई. घटना फुलवरिया थाना के बगराडीह इलाके की है. बताया जा रहा है कि रविवार देर रात तीनों दोस्त खाना खाकर सड़क पर घूमने निकले थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया. जानकारी के मुताबिक, हादसे में बगराडीह निवासी सिंघो महतो के बेटे सिकंदर कुमार (24) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो अन्य दोस्त दिलीप कुमार (25) और चंदन कुमार (22) को गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया. मृतक दिलीप कुमार, अरुण दास के बेटे थे, जबकि चंदन कुमार सुधीर महतो के बेटे थे. मृतक के परिजनों ने बताया कि तीनों दोस्त की मौत सड़क हादसे में हुई है. मृतक चंदन के पिता सुधीर महतो ने बताया कि ये तीनों एक साथ प्लंबर का काम करते थे. रोज की तरह आलापुर से काम करके एक ही बाइक से वापस लौट रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. उसके बाद हम लोगों को सूचना मिली. घटनास्थल पर पहुंचे तो सिकंदर की मौत हो चुकी थी. अन्य दोनों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जिनकी मौत इलाज के दौरान हो गई.

### सासाराम में बस दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत, 15 घायल

**पटना ।** पिंडदान कराने के लिए राजस्थान से गया जा रही बस सासाराम में सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. घटना में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि कई घायल हैं. बस में सवार लोग राजस्थान के जलावर जिला के कोटरा गांव से पिंडदान करने गया जा रहे थे. इस दौरान सासाराम में चेनारी के सबराबाद में एनएच के पास खड़ी ट्रक में बस ने जोरदार टक्कर मार दी. घटना में बस सवार तीन लोगों की मौत जबकि आठ महिला सहित 15 लोग बुरी तरह से घायल हो गए. घायलों को सदर अस्पताल लाया गया. मृतकों में गोवर्धन सिंह, बाला



सिंह तथा राजेंद्र सिंह शामिल हैं जो राजस्थान के जलावर जिला के रहने वाले थे. घायलों की स्थिति चिंता से बाहर बताई जा रही है. मृतक तीनों आपस में रिश्तेदार हैं.

## कारोबार

### बर्नार्ड अरनॉल्ट भी 200 के क्लब में हुए शामिल

**नयी दिल्ली ।** फ्रांस की कंपनी लुई विटॉन के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट भी 200 बिलियन डॉलर संपत्ति के क्लब में शामिल हो गए है. 6.06 बिलियन डॉलर के बदलाव के साथ बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति 207 बिलियन डॉलर पर जा पहुंची है. 200 बिलियन डॉलर संपत्ति में शामिल अरबपतियों की संख्या अब चार हो गई है. 200 बिलियन डॉलर संपत्ति क्लब में शामिल उद्योगपतियों के नामों पर नजर डालें तो एलन मस्क 272 बिलियन डॉलर के नेटवर्थ के साथ ब्लूमबर्ग बिलियनायर्स इंडेक्स में पहले स्थान पर हैं.

### भारतपे-अशनीर ग्रोवर का झगड़ा सुलझा

**नयी दिल्ली ।** फिनटेक कंपनी भारतपे और इसके को फाउंडर अशनीर ग्रोवर के बीच लंबे समय से चल रहा कानूनी विवाद अब सुलझ गया है. यह मामला लगातार सुर्खियों में रहा था. कंपनी ने अशनीर ग्रोवर पर 81 करोड़ रुपये की हेरफेर करने का आरोप लगाया था. इस मामले में अशनीर ग्रोवर के साथ ही उनकी पत्नी माधुरी जैन भी इस केस में फंसी हुई थीं. भारतपे ने सोमवार को ऐलान किया कि हम इस केस को और आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं. कंपनी और अशनीर ग्रोवर ने मिलकर इस केस को खत्म करने का फैसला लिया है.

### दो लाख करोड़ रुपये आने की उम्मीद

**नयी दिल्ली ।** सरकार की उत्पादकता पर प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं (पीएलआई) में एक साल में निवेश दो लाख करोड़ तक जा सकता है. अगस्त तक 1.46 लाख करोड़ का निवेश आया है. योजना में 14 क्षेत्र शामिल किए गए हैं. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने योजना के तहत लाभ पाने वाली 14 क्षेत्रों की 1,300 विनिर्माण इकाइयों में से 140 कंपनियों के साथ बातचीत की. मंत्री गोयल ने उन्हें भरोसा दिया कि सरकार पीएलआई उद्योग से जुड़ी सभी जरूरी स्वीकृतियों को तेजी से पूरा करने और बाजार तक अधिक पहुंच में मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्हें उम्मीद है कि भारत लगभग 11 लाख करोड़ का उत्पादन करेगा.

## निवेश प्रबंधन फर्म एसेट मैनेजर होल्डिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार

# 2035 तक इलेक्ट्रिक वाहनों में खर्च होगा कुल बिजली उत्पादन का 6-9 फीसदी हिस्सा

- देश भर में अत्यधिक तापमान के लगातार बढ़ने के साथ, कूलिंग समाधानों की मांग में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है

**एजेंसी । मुंबई**



निवेश प्रबंधन फर्म एसेट मैनेजर होल्डिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) 2035 तक देश की बिजली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खपत करेंगे. रिपोर्ट में कहा गया है कि 2035 तक भारत की कुल बिजली खपत में ईवी का हिस्सा 6 से 8.7 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है. यह ईवी के बढ़ते उपयोग और पावर ग्रिड पर उनके प्रभाव को दर्शाता है. रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में ईवी यानी इलेक्ट्रिक वाहन 2035 तक लगभग 6 से 8.7 प्रतिशत बिजली की खपत करेंगे." रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर ईवी को अपनाने में इजाफा देखा जा रहा है. 2023 में, ईवी दुनिया भर में सभी प्रकार की कार बिक्री का 18 प्रतिशत हिस्सा बन गया. इसमें चीन की हिस्सेदारी आधे से अधिक थी. ईवी के उपयोग में इस तीव्र वृद्धि का वैश्विक बिजली खपत पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है.

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि ईवी की बढ़ती पहुंच के साथ, वैश्विक बिजली खपत में उनकी हिस्सेदारी 2023 में 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2035 तक 8.1 प्रतिशत और 9.8 प्रतिशत के बीच हो जाएगी. ईवी के उपयोग में यह वृद्धि इस बात का संदेश देती है कि भारत जैसे देशों को अपनी बढ़ती बिजली की मांग पूरी के लिए अपनेबुनियादी ढांचे को तैयार करने की जरूरत है. जैसे-जैसे अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहन अपनाते हैं, बिजली क्षेत्र को नई बिजली की जरूरतों को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता होगी.

रिपोर्ट भारत के लिए एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी प्रकाश डालती है- वह कूलिंग डिवाइस, विशेष रूप से एयर कंडीशनर (एसी) की बढ़ती मांग. देश भर में अत्यधिक तापमान के लगातार बढ़ने के साथ, कूलिंग समाधानों की मांग में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है. रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में अत्यधिक तापमान अधिक कूलिंग डिवाइस की आवश्यकता को बढ़ा रहा है. आंकड़ों के अनुसार, अगले दशक में भारत में घरेलू उपकरणों, विशेष रूप से एसी की पहुंच में तेज वृद्धि देखने को मिलने की उम्मीद है. रिपोर्ट में बताया गया है कि अत्यधिक गर्मी में वृद्धि के कारण 2030 तक भारत में एसी की मांग दोगुनी होने का अनुमान है. जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, अधिकाधिक घरों में शीतलन उपकरणों में निवेश किए जाने की संभावना है, जिससे देश में कुल बिजली खपत में वृद्धि होगी.

### सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की सीमा 7 अक्टूबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ा दी है. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से जारी अधिसूचना में विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दिया गया है. सीबीडीटी की ओर से रविवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ा दी गई है. परिपत्र (सं. 10/2024, संदर्भ 225/205/2024-आईटीए-II) के अनुसार इन रिपोर्टों को दाखिल करने की समय-सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर 7 अक्टूबर, 2024 कर दी गई है. आयकर विभाग ने जारी बयान में कहा है कि आयकर अधिनियम के तहत विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों को देखते हुए सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाई है. आयकर विभाग ने करदाताओं को सलाह दी है कि वे इस विस्तारित समय-सीमा का अधिकतम लाभ उठाएं और नई नियत तारीख 7 अक्टूबर, 2024 तक अपनी ऑडिट रिपोर्ट को जमा करना सुनिश्चित करें.

## मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का वैल्यूएशन 79% घटा

**सैन फ्रांसिस्को ।** वैश्विक निवेश फर्म फिडेलिटी की ओर से एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) की वैल्यूएशन को 78.7 प्रतिशत घटाकर 9.4 अरब डॉलर कर दिया है. अरबपति टेक कारोबारी की ओर से 44 अरब डॉलर में अक्टूबर 2022 में एक्स प्लेटफॉर्म को खरीदा गया था. कंपनी द्वारा की गई फाइलिंग के हवाले से टेकक्रंच की रिपोर्ट में बताया गया कि अगस्त के अंत में एक्स का मूल्य अब उसके 44 अरब डॉलर के खरीद मूल्य के एक चौथाई से भी कम रह गया है. फंड की ओर से एक्स में उसकी हिस्सेदारी का मूल्य करीब 4.18 मिलियन डॉलर आंका गया है. जुलाई में इसकी वैल्यू 5.5 मिलियन डॉलर



थी. रेगुलेटरी नियामकों में घोषित किए गए तथ्यों के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट पर एक्स, फिडेलिटी और मस्क की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है. मई में मस्क द्वारा चलाई जा रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से भविष्य की टेक्नोलॉजी में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ाने के लिए 6 अरब डॉलर की राशि जुटाई गई थी.

### कुंभ मेला 2025 के लिए रेलवे की मेगा तैयारी

**नयी दिल्ली ।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम माने जाने वाले कुंभ मेले के लिए रेलवे की तैयारी सामने आ गई है. यह विशाल धार्मिक समागम 12 जनवरी से प्रयागराज में आयोजित होने वाला है, जिसमें अनुमानित 30 करोड़ से 50 करोड़ श्रद्धालु जुटेंगे. इसके लिए भारतीय रेलवे की तैयारियां चल रही हैं. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है कि कुंभ मेला 2025 के लिए भारतीय रेलवे रिकॉर्ड संख्या में ट्रेनें, एडवांस्ड ट्रैक और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं देने के लिए तैयार है. रेलवे की ओर से जानकारी के मुताबिक इसके लिए रेलवे कुल 992 स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा और कुल ट्रेन सुविधाओं और यात्री सुविधाओं के लिए 933 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे.

## शेयर बाजार में हाहाकार | महीने के आखिरी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी औंधे मुंह गिरकर बंद हुआ

# सेंसेक्स 1300 निफ्टी 370 अंक गिरकर हुआ बंद

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सितंबर 2024 के आखिरी कारोबारी सेशन में शेयर बाजार में भारी गिरावट ने पूरे महीने के दौरान बाजार में रही तेजी के उत्साह पर पानी फेर दिया है. महीने के आखिरी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी औंधे मुंह गिरकर बंद हुआ है. बैंकिंग ऑटो सेक्टर के स्टॉक और शेयर बाजार की सबसे कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की भारी पिटाई के चलते बाजार में ये गिरावट देखने को मिली है. सोमवार को कारोबार खत्म होने पर बीएई सेंसेक्स 1272 अंकों की गिरावट के साथ 84,299 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 368 अंकों की गिरावट के साथ 25,811 अंकों पर



बंद हुआ है. शेयर बाजार में जोरदार गिरावट के चलते सोमवार के सत्र में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप घटकर 474.25 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सत्र में 477.93 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि सेशन में निवेशकों को 3.68 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

बाजार में सबसे बड़ी मुनाफावसूली बैंकिंग शेयरों में देखने को मिली है. निफ्टी बैंक भी 857 अंक गिरकर बंद हुआ है. इसके अलावा ऑटो और आईटी स्टॉक्स में भई गिरावट रही. फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में भी बिकवाली रही. केवल मेटल्स और मीडिया स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए. सोमवार के ट्रेड में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट देखने को मिली है.

### मनबा फाइनेंस का शेयर निर्गम मूल्य में उछाल


**नई दिल्ली ।** नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी मनबा फाइनेंस लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 120 रुपये से 25 फीसदी उछलकर सोमवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ. कंपनी ने करीब 151 करोड़ रुपये के आईपीओ कि लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 114-120 रुपये प्रति शेयर तय किया था. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 25 फीसदी उछाल के साथ 150 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ है, जो बाद में 31.20 फीसदी चढ़कर 157.45 रुपये पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 20.3 फीसदी की उछाल उछाल के साथ 145 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो कारोबार के दौरान बाद में 26.87 फीसदी की बढ़त के साथ 152.25 रुपये पर पहुंच गया. मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आईपीओ की बोली के अंतिम दिन पिछले हफ्ते के बुधवार तक 223.12 गुना अभिदान मिला था. कंपनी आईपीओ पूर्णतः 1,25,70,000 करोड़ ताजा शेयर का निर्गम था. कंपनी निर्गम से हासिल राशि का इस्तेमाल पूंजी की जरूरतों को पूरा करने, ऋण देने तथा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए पूंजी आधार बढ़ाने के लिए करेगी. कंपनी का बाजार मूल्यांकन मार्केट कैप 791.02 करोड़ रुपये रहा.

## ओला इलेक्ट्रिक के शेयर हुए धड़ाम

# पहली बार कीमत 100 रु. के नीचे

**एजेंसी । मुंबई**

ओला इलेक्ट्रिक के शेयर की कीमत में सोमवार को 4 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट देखने को मिली. इस कारण से शेयर के दाम लिस्टिंग के बाद पहली बार 100 रुपये के नीचे पहुंच गए. अब तक के कारोबारी सत्र में, ओला इलेक्ट्रिक के शेयर ने 97.84 रुपये का न्यूनतम स्तर और 102.38 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ है. दोपहर 1:36 बजे, ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.10 रुपये पर था. शेयर में पिछले 11 सत्रों में से 9 सत्रों में गिरावट देखने को मिली है. इस गिरावट को मिलाकर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर अपने पीक 157.4 रुपये से करीब 36 प्रतिशत फिसल गया है. ओला के शेयर में आ रही गिरावट कंपनी के लिए परेशानी



बढ़ने का संकेत है. अगस्त में लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर में बड़ी तेजी देखी गई थी और ओला इलेक्ट्रिक के शेयर ने लिस्टिंग के दो हफ्ते में ही 107 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया था. हाल में आई रिपोर्ट के मुताबिक, ओला इलेक्ट्रिक की फ्लैगशिप ईवी स्कूटर सीरीज एस1 में बड़ी संख्या में ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ना रहा है. इसमें सॉफ्टवेयर में खराबी, स्पेयर पार्ट्स की कमी और सर्विस सेंटर पर लंबा इंतजार शामिल है.

